दिनांक 10 फरवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम में नई एजेंसी ने टैक्स लेना किया प्रारंभ, मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन ऑफिस में जमा कर सकते हैं टैक्स, महापौर नीरज पाल ने एजेंसी के माध्यम से करदाता को सौंपी रसीद, नई एजेंसी को पहला टैक्स देने वाले करदाता ने महापौर नीरज पाल से की मुलाकात

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में नई एजेंसी ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है और आज से टैक्स कलेक्शन की जिम्मेदारी ले ली है। निगम मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में नई एजेंसी श्री पब्लिकेशन स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड ने टैक्स लेना प्रारंभ कर दिया है। इससे पूर्व भिलाई निगम द्वारा टैक्स लिया जा रहा था। निगम मुख्य कार्यालय में करदाता महंगी राम ने नई एजेंसी के पास टैक्स काउंटर पहुंचकर अपना पहला टैक्स 7086 रुपए जमा किया। करदाता ने महापौर नीरज पाल से मुलाकात की। महापौर नीरज पाल ने एजेंसी के माध्यम से रसीद की प्रति करदाता को सौंपी। इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संपत्तिकर वसूली के लिए शीघ्र टैक्स कलेक्शन काउंटर प्रारंभ कर टैक्स लेने के निर्देश नई एजेंसी को दिए थे , इसी तारतम्य में नई एजेंसी ने टैक्स कलेक्शन का काम प्रारंभ कर दिया है , अब करदाताओं को टैक्स जमा करने में और भी आसानी होगी। एजेंसी के द्वारा संपत्तिकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर, यूजर चार्ज, जलकर आदि टैक्स लिए जाएंगे। एजेंसी के सौरभ कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एजेंसी के अधीनस्थ कर्मचारियों को टैक्स कलेक्शन के लिए प्रशिक्षित कर दिया गया है, अब टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने का कार्य किया जाएगा , टैक्स वसूली में वृद्धि करने के लिए अलग-अलग तरीके भी अपनाए जाएंगे। एजेंसी ने इसके लिए कर्मचारी भी नियुक्त किए हैं। मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में टैक्स कलेक्शन की व्यवस्था है , जहां पर आसानी से कर दाता अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। नगर निगम भिलाई की अपील है कि करदाता अपना सही समय पर टैक्स जमा कर अतिरिक्त अधिभार देने से बचें।